समाचार विज्ञप्ति

अलबर्टा वासियों के लिए अधिक अफॉर्डेबल हाउसिंग

24 जुलाई, 2023 मीडिया पूछताछ

परिवर्तनात्मक हाउसिंग सोल्यूशंस का समर्थन करने के लिए कम्युनिटी पार्टनर्स से आवेदनों के लिए अफॉर्डेबल हाउसिंग पार्टनरशिप प्रोग्राम (Affordable Housing Partnership Program - AHPP) के लिए फंडिंग का अगला दौर शुरू हो चुका है।

अफॉर्डेबल हाउसिंग परिवारों और व्यक्तियों को अपनी आय का उपयोग अन्य आवश्यक जरूरतों के लिए करने और अपने जीवन की गुणवत्ता में सुधार करने में सक्षम बनाती है। अलबर्टा सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए कार्यक्रमों में निवेश कर रही है कि अलबर्टा वासी सुरक्षित, स्थिर, किफायती हाउसिंग प्राप्त कर सकें।

फंडिंग के इस दौर के माध्यम से, अलबर्टा सरकार, निम्न-आय अलबर्टा वासियों के लिए नवीनतम और सतत किफायती हाउसिंग सोल्यूशंस का समर्थन करने के लिए $68 मिलियन की राशि उपलब्ध करा रही है। सार्वजनिक, गैर-लाभकारी तथा निजी क्षेत्रों के सहभागी फंडिंग के लिए 16 अक्टूबर तक अपनी अफॉर्डेबल हाउसिंग परियोजनाओं को जमा कर सकते हैं।

“अफॉर्डेबल हाउसिंग पार्टनरशिप प्रोग्राम द्वारा सहयोगात्मक कार्य को बढ़ावा दिया जाता है तथा यह सुनिश्चित करने के लक्ष्य को वरीयता दी जाती है कि अलबर्टा के सभी वासियों को सुरक्षित, स्थिर, किफायती हाउसिंग उपलब्ध होता है। अपने नगर-पालिका, गैर-लाभकारी और निजी क्षेत्रों के सहभागियों के साथ मिलकर कार्य करते हुए हम यह सुनिश्चित करते हैं कि हम स्थानीय ज़रूरतों को पूरा करने के लिए अनेक प्रकार की अफॉर्डेबल हाउसिंग प्रदान कर सकें।”

जेसन निक्सन, मिनिस्टर ऑफ सीनियर्स, कम्यूनिटी एण्ड सोशल सर्विसेज

फंडिंग का पहला दौर जनवरी में पूरा किया गया था, जिसके परिणामस्वरूप 30 परियोजनाओं में फंडिंग के लिए $124.7 मिलियन का अनुमोदन किया गया था। इस कार्यक्रम के तहत पूरे अलबर्टा में 1,100 से अधिक अफॉर्डेबल हाउसिंग इकाइयों का समर्थन किया गया है।

Classification: Public

सभी प्रस्तावों का आंकलन स्थानीय समुदाय की आवश्यकताओं, निम्न आय वाले अलबर्टा वासियों के लिए परिणाम हासिल करने की योग्यता तथा करदाताओं के पैसे की पूरी कीमत वसूलने के आधार पर किया जाएगा।

पात्रता तथा आवेदन प्रक्रिया से संबंधित ब्यौरे को ऑनलाइन देखा जा सकता है।

त्वरित तथ्य

- जनवरी में अफॉर्डेबल हाउसिंग पार्टनरशिप प्रोग्राम के पहले चरण के दौरान पूरी की गई कुछ उल्लेखनीय परियोजनाओं में निम्नलिखित शामिल हैं:
    - सिटी ऑफ कैलगरी के ब्रिजलैंड प्लेस रेट्रोफिट के लिए $15.2 मिलियन
    - एडमोन्टन में सिविडा के लेंड्रम पुनर्विकास के लिए $14.9 मिलियन
    - मेरिडियन हाउसिंग फांउडेशन के स्प्रूस ग्रोव में स्प्रूस ग्रोव लॉज सपोर्टिव लिविंग के लिए $14.7 मिलियन
- अलबर्टा के अफॉर्डेबल हाउसिंग पार्टनरशिप प्रोग्राम के लिए फंडिंग कनाडा सरकार तथा अलबर्टा के बीच में राष्ट्रीय हाउसिंग स्ट्रेटजी 10-वर्षीय द्विपक्षीय समझौते के माध्यम से प्रदान की जाती है।

संबंधित जानकारी

- अफॉर्डेबल हाउसिंग पार्टनरशिप प्रोग्राम
- स्ट्रांगर फांउडेशन्स अफॉर्डेबल हाउसिंग स्ट्रेटजी
- अफॉर्डेबल हाउसिंग प्रोग्राम

मल्टीमीडिया

- न्यूज़ कॉन्फ्रेंस देखें